**Regarding reservation of lower berth in Trains for senior citizens**

श्री रमेश बिधूड़ी **(**दक्षिण दिल्ली**):** धन्यवाद सभापति जी, आपने मुझे एक सामाजिक व्यवस्था पर बोलने का मौका दिया। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की दूर दृष्टि से समाज के सभी जाति एवं वर्गों के, चाहे वह महिला हो, किसान हो, मजदूर हो, युवा है, उनके उत्थान के लिए कार्य किये जा रहे हैं। हमारे रेलवे के अंदर वरिष्ठ नागरिकों के लिए कुछ सीट्स आरक्षित होती हैं। वे सीट्स उनके आवागमन के लिए आरक्षित हैं, लेकिन बहुत ही लिमिटेड हैं। आज के इस भागदौड़ के समय में परिवार छोटे होते जा रहे हैं। हमारे वरिष्ठ नागरिक रेलवे में सफर करते हैं। उनकी आरक्षित सीट्स लिमिटेड है, जबकि ज्यादा लोग सफर करना चाहते हैं। जब वे सफर करते हैं तो उनको ऊपर की बर्थ मिलती है। इससे उनको एक बड़ी गंभीर समस्या को फेस करना पड़ता है। जैसा मैंने कहा है कि अब परिवार भी छोटे हो गए हैं, लोग भागदौड़ के जीवन में समय भी नहीं दे पाते हैं कि वे अपने बुजुर्ग पैरेंट्स को ट्रेन में छोड़ कर चले गए और अगले स्टेशन पर कोई लेने के लिए आ जाएगा।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से निवेदन है कि सीनियर सिटीजन की जो बर्थ है, उसको कम्प्लसरी लोअर बर्थ करने की कृपा की जाए। इससे हमारे सीनियर सिटीजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।